**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ

संख्या- 129 /319/चार/309/2018-टी0सी0

लखनऊः दिनांक- 03 अगस्त, 2021

**आवश्यक सूचना**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2018 द्वारा निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन रिक्त रोड रोलर चालक के 01 पद तथा नक्शानवीस/मानचित्रक के 15 पद, कुल 16 पदों पर राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद (संयुक्त संवर्ग) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 के माध्यम से लिखित परीक्षा के आधार पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विज्ञापन के बिन्दु-9 में चयन का आधार लिखित परीक्षा है तथा परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम व परीक्षा तिथि से यथासमय सूचित किये जाने का उल्लेख किया गया है। तद्नुक्रम में शासन द्वारा उक्त विज्ञापन में विज्ञापित पदों पर चयन हेतु परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जो अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जाती है। परीक्षा की तिथि व समय के सम्बन्ध में पृथक से सूचित किया जाएगा।

संलग्नकः यथोक्त।

(दिनेश) 03/08/2021

परीक्षा नियंत्रक।

आयोग की सूचना संख्या– 129 /319/चार/309/2018 टी0सी0 दिनांक 03 अगस्त 2021 का संलग्नक–

**(1) नक्शानवीस/मानचित्रक**

**परीक्षा योजना**

| प्रश्नपत्र भाग | विषय | प्रश्नों की संख्या | निर्धारित कुल अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| भाग-1 | सामान्य ज्ञान | 30 | 30 | **एक घण्टा तीस मिनट** |
| भाग-2 | सामान्य हिन्दी | 30 | 30 | |
| भाग-3 | विषय से सम्बंधित ज्ञान | 40 | 40 | |
| | कुल योग | **100** | **100** | |

**नोट**-उपर्युक्त परीक्षा हेतु निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंकन) दिये जाने का प्राविधान है, जो कुल 1/4 (25 प्रतिशत) अंक होगी।

**पाठ्यक्रम**

**भाग-1 सामान्य ज्ञान**

भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलनतथा भारतीय इतिहास के अंतर्गत सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक पक्षों की सामान्य जानकारी। भारत एवं विश्व के भौतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक भूगोल की सामान्य जानकारी। भारतीय संविधान, राजनीतिक व्यवस्था, पंचायती राज आदि की सामान्य जानकारी। भारतीय अर्थव्यवस्था, जनसंख्या, पर्यावरण तथा नगरीकरण आदि से सम्बंधित सामान्य जानकारी। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की सम-सामयिक घटनायें (इसमें खेलकूद के प्रश्न भी सम्मिलित होंगे)। भारत में कृषि, कृषि उत्पाद एवं उसके विपणन के सम्बन्ध में सामान्य जानकारी। दैनिक अनुभव तथा प्रेक्षण से सम्बंधित विषयों सहित विज्ञान के सामान्य परिबोध एवं जानकारी पर आधारित प्रश्न। उ0 प्र0 पर आधारित विशिष्ट प्रश्न-शिक्षा, संस्कृति, कृषि, जनसंख्या, व्यापार एवं वाणिज्य, उद्योग, सामाजिक प्रथायें, ललित कला, लोक कलाएं (गायन, संगीत, नाटक आदि विधाओं की सामान्य जानकारी) आदि से सम्बंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

**भाग-2- सामान्य हिन्दी**

उम्मीदवारों से हिंदी भाषा का ज्ञान तथा उनकी समझ एवं लेखन योग्यता के परीक्षण हेतु प्रश्न पूछे जायेंगे।

**भाग-3- विषय से संबन्धित ज्ञान**

मानचित्र के लिए ड्राइंग इंस्ट्रूमेंट व सॉफ्टवेयर की जानकारी होना, क्षेत्रफल की गणना करना, ज्यामितीय आकृतियों का चित्रण, प्रतीक एवं प्रदर्शन करना, विभिन्न मापनी का चित्रण करना, प्रक्षेप्य बनाना, आधार (शोरिंग) एवं पॉड (स्कैफ़ोल्डिंग) की ड्राइंग बनाना, आलेखन (प्लाटिंग), मानचित्रण (मैपिंग), ट्रस, छत, सीढ़ी व रैम्प की ड्राइंग बनाना, प्लम्बिंग पाइप व पॉइंट्स की जानकारी, वाटर सप्लाई की जानकारी, सेनेटरी फिटिंग एवं सीवरेज की ड्राइंग बनाना, रोड, ब्रिज, पुलिया की सेक्शनल ड्राइंग बनाना, लाइनों के प्रकार हिन्दी व अंग्रेजी अक्षरों का ज्ञान स्केल के संदर्भ में, ड्राइंग को पढ़ने व बनाने की योग्यता। पुराने भारतीय वास्तुकला की जानकारी, पत्थर एवं ईंट की चिनाई, मेहराब (आर्क)/लिंटल, ज़रीब (चेन) एवं फीता (टेप), बिकमापक (गोलप्रकार) का ज्ञान, तल मापक उपकरणों के द्वारा सर्वे करना, समांतर प्रयोग किए जाने वाले भवन के भागों व स्थानों का ज्ञान, बुनियादों के प्रकार, 2 डी व 3 डी solid का ज्ञान तथा इलेक्ट्रिकल पॉइंट्स की जानकारी, माइक्रो व मैक्रो जलवायु का ज्ञान, फील्ड बुक में प्रविष्टि (फील्ड बुक इंट्री), स्टेशन पॉइंट की स्थिति GPS (ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम) द्वारा ज्ञात करना।

## (2)रोड रोलर चालक

**परीक्षा योजना**

| प्रश्नपत्र भाग | विषय | प्रश्नों की संख्या | निर्धारित कुल अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| भाग-1 | सामान्य ज्ञान | 30 | 30 | **एक घण्टा तीस मिनट** |
| भाग-2 | सामान्य हिन्दी | 30 | 30 | |
| भाग-3 | विषय से सम्बंधित ज्ञान | 40 | 40 | |
| | कुल योग | **100** | **100** | |

**नोट**-उपर्युक्त परीक्षा हेतु निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंकन)दिये जाने का प्राविधान है, जो कुल 1/4 (25 प्रतिशत) अंक होगी।

**पाठ्यक्रम**

**भाग-1 सामान्य ज्ञान**

भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलनतथा भारतीय इतिहास के अंतर्गत सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक पक्षों की सामान्य जानकारी। भारत एवं विश्व के भौतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक भूगोल की सामान्य जानकारी। भारतीय संविधान, राजनीतिक व्यवस्था, पंचायती राज आदि की सामान्य जानकारी। भारतीय अर्थव्यवस्था, जनसंख्या, पर्यावरण तथा नगरीकरण आदि से सम्बंधित सामान्य जानकारी। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की सम-सामयिक घटनायें (इसमें खेलकूद के प्रश्न भी सम्मिलित होंगे)। भारत में कृषि, कृषि उत्पाद एवं उसके विपणन के सम्बन्ध में सामान्य जानकारी । दैनिक अनुभव तथा प्रेक्षण से सम्बंधित विषयों सहित विज्ञान के सामान्य परिबोध एवं जानकारी पर आधारित प्रश्न । उ0 प्र0 पर आधारित विशिष्ट प्रश्न - शिक्षा, संस्कृति, कृषि, जनसंख्या, व्यापार एवं वाणिज्य, उद्योग, सामाजिक प्रथायें, ललित कला, लोक

कलाएं (गायन, संगीत, नाटक आदि विधाओं की सामान्य जानकारी) आदि से सम्बंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। (प्रश्नपत्र का यह भाग बेसिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश के आठवीं परीक्षा के स्तर का होगा)

**भाग-2 सामान्य हिन्दी**

उम्मीदवारों से हिंदी भाषा का ज्ञान तथा उनकी समझ एवं लेखन योग्यता के परीक्षण हेतु प्रश्न पूछे जायेंगे। (प्रश्नपत्र का यह भाग बेसिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश के आठवीं परीक्षा के स्तर का होगा)

**भाग-3 विषय से संबन्धित ज्ञान**

- चालक की शारीरिक और मानसिक स्वस्थता जिसमें धैर्य, ज़िम्मेदारी, आत्मविश्वास, प्रत्याशा, एकाग्रता आदि शामिल हो।
- नियंत्रक उपकरणों की जानकारी जिसमें स्पीडोमीटर, फ्यूल गेज़, वार्निंग लाइट, हैंड ब्रेक, स्टीयरिंग व्हील, डिपर आदि शामिल हो।
- नियमित रखरखाव एवं जांच की जानकारी जिसमें ब्रेक फ्लुड लेवल, इंजन ऑइल, वाटर लेवल, ब्रेक पेडल, फ्री प्ले आदि शामिल हो।
- चालन विधि जिसमें रोलर को स्थिर रखना, रोलर को चलाना और रोकना, गियर बदलना, ब्रेक लगाना, मोड लेना, रिवर्स चलना, गोल घूमना, पार्क करना आदि शामिल हो।
- पहाड़ी रास्तों पर चालन करने एवं आपात स्थिति जैस ब्रेक फेल होने, एक्सेल टूट जाने आदि में रोलर को नियंत्रित करने की जानकारी हो।
- विपरीत परिस्थितियों जैसे बारिश, लघु दर्शिता, फिसलन जैसे हालात, टोविंग आदि में चालन करने में सक्षम हो।
- यातायात संकेतों जैसे रोड मार्किंग, लेन लाइनिंग आदि की जानकारी हो।
- डीजल इंजन, लुब्रिकेंट, कूलेंट, तेल, आपूर्ति यंत्र, विद्युत उपकरण आदि के बारे में प्रारम्भिक जानकारी हो।
- ईंधन बचाव एवं संसाधनों के इष्टतम उपयोग की जानकारी हो।
- रोड के प्रकार, रोड बनाने में प्रयुक्त होने वाले मेटेरियल और उनके प्रकार की जानकारी हो।
- विभिन्न प्रकार की मिट्टी एवं उनकी आर्द्रता के बारे में जानकारी हो।

04/08/2025

(दिनेश)
परीक्षा नियंत्रक।